राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने डीजीपी से फोन पर बात कर ली तथ्यात्मक जानकारी

प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

जयपुर, 5 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजधानी जयपुर में दिन दहाड़े गोली मारकर की गयी हत्या की घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए इस संबंध में अपराधियों के खिलाफ कड़ी और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

श्री मिश्र ने घटना के बारे में जानकारी मिलते ही डीजीपी से फोन पर तथ्यात्मक जानकारी ली और प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था को सभी स्तरों पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो, उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने आम जन की सुरक्षा और शांति के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा प्रभावी एवं कारगर कदम उठाने के लिए भी विशेष रूप से निर्देश दिए हैं।

———